डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

करें योग, दूर भगाएं रोग
योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 19 जून 2024, वर्ष-30, अंक-241, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



**सेंसेक्स** 77,301.14 ▲ +308.37

**डॉलर** 83.352 ▲ -0.142

**पलामू सर्राफा**

10 ग्राम 71,680

01 किलो 89,160

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## झारखंड का विकास झामुमो से ही संभव : कल्पना सोरेन

- जिप उपाध्यक्ष ने थामा झामुमो का दामन
- झारखंड मुक्ति मोर्चा का मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में मंगलवार को आयोजित मिलन समरोह में गांडेय विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, कैबनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर के समक्ष पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह सहित विभिन्न दलों के कई लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। सभी को कल्पना सोरेन, मिथिलेश ठाकुर ने माला पहना कर व पार्टी का तीर धनुष चिन्ह का पट्टा गला में पहना कर शामिल कराया। मिलन समारोह में कल्पना सोरेन के मंच पर पहुंचते ही झामुमो कार्यकर्ताओं ने चाम्पाई सोरेन, हेमंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, अलोक कुमार सिंह ज़िंदाबाद का जोरदार नारा को बुलंद किया। जेएमएम के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने कल्पना सोरेन, मिथिलेश ठाकुर को बुके व माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड का विकास झामुमो से ही संभव है। केंद्र की भाजपा सरकार एक साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने अपना फैसला कर बता दिया है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का सफाया तय है। कैबनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में विकास कार्य तेज गति से चल रहा है। कुछ दल जान बुझकर सरकार को बदनाम कर रहे हैं। आने वाला विधानसभा चुनाव में ऐसे दल विशेष का सफाया तय है। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद अधिक समय शेष पृष्ठ 11 पर




## पाकुड़ के गांव पर बंगाल के उपद्रवियों ने किया हमला

- बम फेंके और फायरिंग की, एक घर में आग भी लगा दी गई
- एक जवान व कुछ ग्रामीणों के घायल होने की सूचना, पुलिस ने पुष्टि नहीं की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले के गोपीनाथपुर गांव में मंगलवार को पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कृष्टोनगर गांव के सैकड़ों लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। उपद्रवियों ने फायरिंग और बमबारी भी की। पाकुड़ के सदर थाने की पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए हवाई फायरिंग की, लेकिन इसके बाद भी हमलावरों का उत्पात जारी रहा। उन्होंने एक मकान में आग लगा दी। कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। झारखंड और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस उपद्रवियों को भगाने में जुटी है। पाकुड़ के एसपी प्रभात कुमार और एसडीएम प्रवीण केरकेट्टा भी मौके पर पहुंचे हैं। कई थानों की पुलिस बुलाई गई है। दरअसल, बकरीद के शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

**झारखंड कैबिनेट की बैठक आज**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्य की जनता को एक साथ कई तोहफे मिलने की उम्मीद है। बैठक में कृषि, ऊर्जा, महिला, बाल विकास सहित सड़क निर्माण की योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ हो सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। 125 यूनिट के बजाए 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ हो सकता है। साथ ही, महिलाओं को भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एक निश्चित रकम उनके बैंक खाते में भेजने की योजना प्रारंभ की जाएगी।

## युवक की गोली मार कर हत्या

**मृतक को चार गोली मारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी में मंगलवार की रात आठ बजे आपसी विवाद में दोस्तों ने स्व. राजेंद्र प्रसाद का बेटा विवेक कमलापुरी उर्फ बिल्ला को गोली मारकर हत्या कर दी। दोस्तों ने बिल्ला को कनपटी में सटाकर गोली मारने के बाद तीन गोली पीठ में मारी है। बिल्ला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। गोली मारने के बाद सभी दोस्त आराम से फरार हो गए। कंकारी में गोली चालन की घटना होते ही आस पास के क्षेत्र में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों के अनुसार बिल्ला कुछ दोस्तो के साथ ऑटो बाईक से कंकारी गया था। वहां किसी बात को लेकर आपस में विवाद होने पर उसके दोस्तों ने कनपटी में सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही बिल्ला गिर गया। इसके बाद उसके दोस्तों ने उसे पीठ में तीन गोली मार कर आराम से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने बिल्ला को एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एमएमसीएच में चैनपुर थाना पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक बिल्ला चैनपुर थाना क्षेत्र के टांड मुहल्ला का रहने वाला था। वह पिछले डेढ़ महीने से रांची में काम करता था। सोमवार को ही अपने घर वापस आया था। मंगलवार की शाम वह घर पर किसी से मिलने की बात कह निकला था। इसके कुछ देर के बाद ही उसकी हत्या कर दी गई। मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था। वह लूट व चोरी के मामले में पूर्व में जेल जा चुका था।



**पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद व युवा कार्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा**

## विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होगा रजरप्पा : चंपाई

**रांची के पहाड़ी मंदिर, लुगुबुरु तथा मरांगबुरु का संपूर्ण विकास शुरू करने का निर्देश**

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रजरप्पा के छिन्मस्तिका मंदिर, राजधानी के पहाड़ी मंदिर और आदिवासियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द डीपीआर तैयार कर कार्य योजना बताने को कहा है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिसाल है। हमसभी झारखंड वासियों का यह सौभाग्य है कि यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग-अलग कला-संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण पाया जाता है।



**रजरप्पा मंदिर को विश्वस्तरीय पर्यटक बनाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड भ्रमण पर जो भी पर्यटक आते हैं वे यहां से एक बेहतर अनुभव लेकर अपने घर वापस जाएं, ताकि पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड की अलग पहचान बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर को एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया, इसके लिए जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने को कहा। साथ ही रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

**लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में करें विकसित :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजधानी का पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास शेष पृष्ठ 11 पर

# हेमंत सोरेन की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है सरकार : कल्पना सोरेन

झामुमो मिलन समारोह के अवसर पर हुसैनाबाद में शहर से लेकर गांव-गांव तक पार्टी के झंडा और बैनर से सजा रहा। हर ओर दिशोम गुरु जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, चंपाई सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारों से बैनर व पोस्टर सजा रहा। मिलन समारोह के कार्यक्रम स्थल पर पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने आगंतुकों के लिए स्वयं स्वागत द्वार पर खड़े होकर सभी का स्वागत किया।

**जनता की सेवा का संकल्प लिया है उस संकल्प को पूरा करना मेरा कर्त्तव्य है: आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह**







## झामुमो झारखंड की सबसे अच्छी पार्टी हैं:आलोक सिंह

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण बहुत सोच विचार करने के बाद हमने की है, हमने यह देखा कि झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है, जो गरीब शोषित दलित वंचित व राज्य के हितों की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी का भला कर सकती है। इस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर मैंने पार्टी की सदस्यता अपने हजारों समर्थकों के साथ ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ चलकर विकास के पथ पर हुसैनाबाद को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हुसैनाबाद सहित पूरे पलामू में मजबूत होगा।



### मिलन समारोह में कल्पना ने की हेमंत सोरेन की तारीफ

कल्पना सोरेन मुर्मू ने हुसैनाबाद टाउन हॉल में मिलन समारोह में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में विकास की कई योजनाओं की शुरूआत की गई है,जिसे वर्तमान सरकार धरातल पर उतार रही है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना बंद कर दिया तो हेमंत सोरेन ने यहां के लोगों को पक्का मकान देने के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत कर झारखण्ड के लोगों को सर पर छत देने का कार्य किया है। उन्होंने 50 वर्ष की आयु से ही सभी लोगों को पेंशन देने का काम किया गया है। आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शामिल होकर झामुमो की स्थिति को और मजबूत व सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा हुसैनाबाद सहित पूरे पलामू में मजबूत होगा।

### कल्पना सोरेन ने बीजेपी पर जमकर साधा निशाना

जेएमएम की नेता कल्पना सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि "बीजेपी को झारखंड पसंद नहीं है और व प्रदेश के लोगों को नापसंद करती है। उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड के लोग आत्म सम्मान के साथ उनसे आंख में आंख मिलाकर बात करें।" उन्होंने दावा किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि झारखंड से कोई भी छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जाए। कल्पना सोरेने ने लोगों से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को मजबूत बनाने के लिये आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों से इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का आग्रह किया, ताकि झारखंड उसी तरह प्रगति कर सके जिस तरह से वह अभी आगे बढ़ रहा है।





## एक नजर

### रेकरिंग खाता का भुगतान के लिए चार वर्ष से चक्कर काट रहें खाताधारक

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज पोस्ट ऑफिस में रेकरिंग खाता का भुगतान के लिए खाताधारक जय प्रकाश पिछले चार वर्ष से कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उसे भुगतान नहीं मिल पा रहा है। वहीं पोस्ट ऑफिस का कम्प्यूटर खाता में मात्र तीन हजार जमा दर्शा रहा है, जबकि खाता में एक लाख दस हजार रूपया जमा है। खाताधारक जय प्रकाश ने बताया कि हरिहरगंज पोस्ट ऑफिस में उसका व पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता के संयुक्त नाम से रेकरिंग खाता 138781 है। इसमें प्रतिमाह तीन हजार रुपए जमा करता था। खाता में 31 अगस्त 2013 तक एक लाख दस हजार रुपए जमा हो चुका है। बाद में पिता की मृत्यु के बाद खाता में राशि जमा होना बंद हो गया। इसका भुगतान लेने के लिए जब पोस्ट ऑफिस गया तो बताया गया कि कम्प्यूटर सिस्टम पर मात्र तीन हजार रुपया दर्शा रहा है। इसमें सुधार करना होगा। चार वर्ष बीत जाने के बाद भी खाता में सुधार नहीं हो सका। साथ ही भुगतान भी नहीं मिला। हालांकि पासबुक व लेजर बही पर एक लाख दस हजार रुपए जमा है। उन्होंने शीघ्र भुगतान कराने की मांग पोस्ट ऑफिस सुपरिटेंडेंट से की है।

# हेमंत के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जेल में डाला : कल्पना सोरेन

- विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सीखा देगी : मिथिलेश ठाकुर
- झामुमो के नेतृत्व से ही विकास संभव : टूटू सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झामुमो विधायक सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार ने झूठा आरोप लगा कर जेल में डाल दिया है। झारखंड की जनता ने लोकसभा में भाजपा को जवाब दे दिया है। हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास, गरीब बच्चो को विदेशों में पढ़ाई की योजना समेत आने जनकल्याण कारी योजनाओं से केंद्र की सरकार तिलमिला गई हैं। वह मंगलवार को पलामू जिले के हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टें आयोजित मिलन समारोह में बोल रही थी। मिलन समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष उनके साथ झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी थे। सर्व प्रथम उनका फूल माला देकर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह समेत जेएमएम नेताओं ने स्वागत किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष सह युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों के हजारों लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ली। सभी को जेएमएम का पट्टा देकर कल्पना सोरेन ने पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उन योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य चम्पाई सोरेन बखूबी कर रहे हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव की शुरूआत हुसैनाबाद से की गई है। युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के साथ बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल होकर युवाओं ने पलामू में उन्हें और मजबूती प्रदान कर दी है। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली पार्टियों को इस बार जनता सबक सीखा देगी। कार्यक्रम में जनसमूह से हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाने, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने का झारखंड बनाने, जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए साथ देने का आह्वान किया। पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव में पलामू की सभी सीटों पर जेएमएम व उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता विधानसभा पहुंचेंगे। आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने जेएमएम में शामिल होकर पार्टी को और भी मजबूती प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पलामू में विकास का काफी कार्य किया है। कुछ जनप्रतिनिधियों को शर्म नहीं आती। वह सरकार के खिलाफ अनर्गल बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सीखा देगी। जेएमएम का दामन थामने के बाद आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता की सेवा का संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करना उनका कर्तव्य है। क्षेत्र व झारखंड का विकास जेएमएम के नेतृत्व से ही संभव है। उन्होंने हुसैनाबाद आने के लिए जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन व मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आभार जताया। कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन व हेमंत सोरेन के सपनो का झारखंड बनाने में उनका भी योगदान होगा तो वह खुद को धन्य समझेंगे। उन्होंने तन मन धन से पलामू में पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा व संचालन शन्नू सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा आदि नारों से हॉल गूंजता रहा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, झामुमो के वरीय नेता अविनाश देव, जिला सचिव शन्नू सिद्दीकी, जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज गुप्ता, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, वीरेंद्र पासवान, चंदन सिंह, शमी शुक्ला, झामुमो की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा,डॉ. एजाज आलम, वशिष्ठ कुमार सिंह, नेहाल असगर, मुन्ना कुमार देव, राजेश सिंह, सुरेंद्र साहनी, अशोक कुमार सिंह, मिंटू सिंह, रामप्रवेश सिंह सहित सहित दर्जनों मंच पर उपस्थित थे।

### मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के 750 ने थामा झामुमो का दामन

**हुसैनाबाद।** मिलन समारोह में राजद से प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी व राजद नेता अनिल चन्द्रवंशी, एनसीपी से सुनील कुमार सिंह, वहाब साहब, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ हुसैनाबाद जफर हवारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हैदरनगर, राजी अहमद उर्फ राजू खान, एनसीपी नेता हैदरनगर, भरदुल पासवान मोहम्मदगंज, बसपा से अनिल राम वार्ड सदस्य समेत 750 लोगों ने झामुमो की सदस्ता ग्रहण किया। सभी को गांडेय विधानसभा की विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू ने जेएमएम का पट्टा देकर झामुमो में सदस्यता दिलाई।

इलाका छावनी में तब्दील

## प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंकने से नौडीहा बहेरा में तनाव



- दो स्थानों पर मिला मांस, हड्डी, पशु के अपशिष्ट
- छानबीन में जुटी पुलिस
- ग्रामीणों ने पुलिस को लिखित आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा में बकरीद के दूसरे दिन मनोज मिश्रा के गौशाला में मांस का टुकड़ा फेंका मिला। दूसरी तरफ नौडीहा मस्जिद के निकट पुराने कुआं में गोवंशीय पशु के अपशिष्ट, हड्डियों को दो बोरा में देखा गया। प्रतिबंधित मांस मिलने से ग्रामीण पूरी तरह आक्रोश हो गए हैं। सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, सीआरपीएफ के जवानों ने पहुंचकर स्थिति को संभाला। घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर गौशाला व कुएं से बरामद मांस, हड्डियों को जब्त कर सुरक्षित रखवाया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी भी की। घटना में शामिल लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने लिखित आवेदन पिपराटांड़ थाना प्रभारी को दे दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि लिखित आवेदन ग्रामीण द्वारा दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है। पांकी थाना, पिपराटांड़ थाना की पुलिस ने मामले को सुलझाने व इलाके में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। घटनास्थल पर पहुंचकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, पांकी प्रखंड अध्यक्ष संस्कार सोनी, अखिलेश कुमार, निरंजन सिंह, चंदन सोनी, गौरव पाठक, अनमोल गुप्ता, डीके, संजीत, हिमांशु, प्रभात, विकास ने घटना की निंदा की है।







## एक नजर

### दो चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर दो अलग-अलग स्थान पर चोरी के दो मामले में दो चोर को गिरफ्तार किया है। पाटन थाना के सिक्की कला गांव के 32 वर्षीय ताज मोहम्मद अंसारी व पूर्वडीहा के 50 वर्षीय इमामुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में हाल के दिनों में चोरी की कई घटना घटी थी। चोरी का मामला शहर थाना में दर्ज कराया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को पता चला कि ताज मोहम्मद इमामुद्दीन रिश्ते में जीजा, साला है। दोनों साथ में मिलकर शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चोरी करते थे। शहर थाना पुलिस ने दोनों चोर को उनके घर से गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी देबव्रत पोद्दार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज का आधार पर दोनों चोर को गिरफ्तार किया जेल भेज दिया गया है।

### अब तक धान बीज उपलब्ध नहीं, किसान मायूस

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि अद्रा नक्षत्र शुरू होने वाला है, लेकिन जिला कृषि द्वारा पलामू के किसानों के लिए खरीफ मौसम में मुख्य फसल धान का बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस कारण किसान मायूस व अक्रोशित है।

### पानी, बिजली की समस्या को लेकर 22 को भाजपा करेगी प्रदर्शन

# बालू की कमी से पीएम आवास कार्य प्रभावित: जिला अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर पलामू जिला भाजपा 22 जून समाहरणालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन में सांसद, विधायक शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। प्रदर्शन के दिन रेड़मा काली मंदिर के सामने सिंचाई विभाग के मैदान से सुबह 10 बजे से पद यात्रा शुरू कर रेड़मा चौक,ओवर ब्रिज, कचहरी चौक होते जिला समाहरणालय तक पहुंचने का निर्णय लिया गया। वहां कार्यालय का घेराव व आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली, पानी की कटौती से जनता त्राहिमाम कर रही है। सरकार के पदाधिकारी बेलगाम हो चुके है। प्रशासन बालू लोड ट्रैक्टरों से वसूली में लगी है। साइकिल से बालू ले जा रह मजदूरों से भी प्रशासन पैसों की वसूल कर रही है। प्रधानमंत्री आवास का कार्य बालू की कमी के कारण पूर्ण नहीं हो पा रहा है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि हर घर नल जल योजना में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। पलामू में 80 फीसदी से ज्यादा घरों में अब तक पानी नहीं पहुंची, लेकिन ठेकेदारों ने काम पूरा दिखा दिया। किसी गांव में भी 100 से ज्यादा घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंची है। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, प्रथम उप महापौर, उपमहापौर मंगल सिंह, अविनाश वमा, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, शिवकुमार मिश्र, जितेंद्र तिवारी, अरुण दुबे, सोमेश सिंह, अविनाश सिन्हा, प्रेम सागर सिंह, महादेव कुमार, गौरव प्रसाद यादव, कृष्ण विजय सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, ललिता देवी सहित अन्य मौजूद थे। संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने व धन्यवाद ज्ञापन मेदिनीनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय ने किया।

#### गर्मी के मौसम में लगातार बिजली की समस्या बनी हुई है : पांकी विधायक

पांकी विधायक डा. शशि भूषण मेहता कहा कि जून के दूसरे सप्ताह में पहुंचने के बाद भी देश के कई राज्य भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। झारखंड में भी कई जिलों में पारा 40-46 के आस पास घूम रहा है। ऐसे में पंखा, कूलर के सहारे ही अधिकतर लोग गर्मी से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में लगातार बिजली की समस्या बनी हुई है। पलामू के कई इलाकों में पानी का संकट विकराल हो चुका है।

## गर्मी व लू के कारण स्कूलों का समय बदला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में पड़ रही गर्मी पड़ रही लू के प्रभाव को देखते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त,गैर सहायता प्राप्त( अल्पसंख्यक) सहित निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से 12वीं तक की कक्षाएं प्रातः 6:45 से 11:30 तक संचालित करने का आदेश दिया है। उपायुक्त के आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने विद्यालयों में प्रार्थना सभा, खेलकूद के साथ अन्य गतिविधियों को धूप में संचालित नहीं करने व मध्याहन भोजन को सुचारू रूप से जारी रखने का आदेश दिया है। यह आदेश 24 जून तक लागू रहेगा।

## शस्त्र वापस लेने शहर थान पहुंचे अनुज्ञप्तिधारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के दौरान जमा किए गए शस्त्र की वापसी के लिए मंगलवार को शहर थाना में शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अपने-अपने शस्त्र लेने के लिए भीड़ लगी रही। बता दे कि लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्ति के बाद जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञतिधारकों को स्थानीय थाना व शस्त्रागार दुकानों में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य से सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से उनके शस्त्र को स्थानीय थाने या शस्त्रागार में जमा करवाया गया था। उपायुक्त के आदेश के बाद शस्त्र वापस किया जा रहा है।

**आदर्श आचार संहिता समाप्ति के बाद जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञतिधारकों को स्थानीय थाना व शस्त्रागार दुकानों में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है**




### इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच पर कार्यशाला का आयोजन

## हेट स्पीच सामाजिक व्यवस्था को कमजोर करता है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के मौके पर मंगलवार को सूचना भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम कुमार व जिले के पत्रकारों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उपायुक्त रंजन ने कहा कि यह विषय इतना महत्वपूर्ण है कि इस विषय के संबंध में बच्चों को अवगत कराना बेहद आवश्यक है। अगर बच्चों को छोटे उम्र से ही हेट स्पीच के बारे में बतायेंगे तो बड़ा होकर वह इस विषय से दूर रहेगा। घृणास्पद भाषण लोकतंत्र के सिद्धांत को खतरे में डालता है,जो लोकतांत्रिक देश में सामाजिक व्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि घृणा व पूर्वाग्रह कभी-कभी व्यक्तियों या समूहों के धर्म,जाति, रंग, जातीय मूल या विकलांगता, बुढ़ापा के आधार पर उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच विभिन्न माध्यमों से फैलता है। संविधान के मुताबिक भी किसी के प्रति हेट स्पीच नहीं दे सकते हैं, जिसका अनुश्रवण सबको करना चाहिए। इसके पूर्व सभागार में आये विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम कुमार ने विषय पर प्रकाश डालते हुये इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच का इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कहा कि यह विषय की उत्पत्ति कहां से हुई। आज के दौर में इसकी क्या महत्ता है। भविष्य में यह कितना महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच का तीसरा वर्षगांठ है। तीन साल पूर्व ही जुलाई 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नफरत फैलाने वाले भाषणों का मुकाबला करने में अंतर-धार्मिक व अंतर-सांस्कृतिक संवाद, सहिष्णुता को बढ़ावा देने का प्रस्ताव पारित किया था।




#### कार्यशाला में विभिन्न पत्रकारों ने भी अपने विचारों को रखा

कार्यशाला में मेदिनीनगर के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फैयाज अहमद ने कहा कि हेट का उलटा शब्द लव होता है। उन्होंने हेट स्पीच नहीं बल्कि लव स्पीच के प्रसार करने की बात कही। साथ ही हेट स्पीच को फारवर्ड न करने पर बल दिया। इसी तरह पत्रकार प्रेम प्रकाश ने कहा कि भारतीय संविधान में भी आपस में भाईचारगी निभाने की बात कही गयी है। ऐसे में ढाईअक्षर का प्रेम से हेट स्पीच को काउंटर किया जा सकता है। संजय पांडेय ने कहा कि वर्तमान में हेट स्पीच प्रासंगिक है। नागेंद्र शर्मा ने कहा कि आज इस सूचना भवन के प्रशाल में हेट स्पीच का प्रतिकार करने के लिये एकत्रित हुए हैं। यह सुखद एहसास है। संजय सिंह उमेश ने हेट स्पीच का प्रतिकार अपने घर से प्रारंभ करने की बात कही। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजीत कुमार तिवारी ने किया।

## सभी दायित्व को निर्वहन करते हैं भाजपा कार्यकर्ता: अलख पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** मंगलवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उंटारीरोड प्रखंड के सिरहा गांव में ऊंटारी रोड के जिला पार्षद अरविंद सिंह सह भाजपा नेता के आवास पर समीक्षा बैठक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संपन्न लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक जीत बताते हुए कार्यकताओं को शुभकामनां दी। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चिंतन-मंथन कर बारी-बारी से कार्यकताओं की समस्या से हुए। कार्यकताओं ने अपनी अपनी राय देते हुए भाजपा कार्यकताओं की सम्मान को ठेस पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 वर्षो से अपेक्षित नजर से देखा जा रहा है। इससे कार्यकर्ता में काफी असंतोष व निराशा व्याप्त है। भाजपा पदाधिकारी ने कार्यकर्ता को भरोसा दिलाते हुए सभी को एक मंच पर सम्मान के साथ लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साधारण कार्यकर्ता नहीं होता है। हर दायित्व को पूर्ण रूप से निर्वहन करने की क्षमता रखता है। साधारण से साधारण कार्यकर्ता पार्टी द्वारा चुने जाने पर विधायक बनने की क्षमता रखता है।

## न्यूज बॉक्स

### चिनीगिया आहर को भरकर आबादगंज को ड्राइजोन बनाने का प्रयास : आशीष

**मेदिनीनगर।** आबादगंज शहरी क्षेत्र का सबसे पुराना ड्राइजोन एरिया है। यहां की सबसे पुराने जलश्रोत चिनीगिया आहर के अस्तित्व को कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ में भर कर समाप्त कर दिया है। इस कारण मुहल्ला के लोगों को पानी की परेशानी झेलना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के लोग घर को छोड़कर अपने गांव पलायन कर गये। अगर यही स्थिति रही तो आने वाला दिन दूर नहीं जब पूरा मोहल्ला पलायन करने को मजबूर हो जाएगा। ये बाते युवा समाज सेवी आशीष भारद्वाज ने मंगलवार को अपने पानी यात्रा के सातवें दिन कही। उन्होंने आबादगंज के पुराने तालाब को फिर से पुर्नजीवित करने की जरुरत बताया। सरकार अगर रोड, रेलवे के लिए भूमि अधिग्रहण कर सकती है, तो प्राण देने वाले जल को संरक्षित करने वाले जलश्रोतों का भी अधिग्रहण कर जान बचाने की जरूरत है। सातवें दिनआबादगंज क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुआ गया। उन्होंने कहा पानी यात्रा में लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है। मौके पर मुकेश तिवारी, रवि शर्मा, शैलेश तिवारी, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, बीजू मिश्रा, राजन पंडित, मुन्ना दुबे, ज्ञानेश तिवारी, संजीत पांडेय, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, संजीत तिवारी, शशांक सुमन, रोशन तिवारी, सूरज सिंह, गणेश कुमार, सूरज कुमार, प्रभात सिंह, नवनीत मेहता, रविकांत शर्मा, निरंजन मेहता, प्रशांत सिंह, दुल सिंह, भीम सिंह, गोलू दुबे, रिशू दुबे, अभिषेक तिवारी, सोनू पांडेय शामिल थे।

### पुलिस ने एनएच पर जलाए गए हाइवा को हटाया, जाम से लोगों को मिली निजात




**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 98 मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों हुए सड़क दुघर्टना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा हाइवा को जला दिया गया था। सड़क पर होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बड़े वाहनों को आने जाने में परेशानी होती थी। जिसके कारण हर रोज जाम की स्थिति बन जाती थी। इसे देखते हुए नावाबाजार पुलिस ने मंगलवार को जले हुए हाईवे को सड़क से हटाकर किनारे कर दिया गया। जले हाईवा हटाने का कार्य नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार की तत्परता से हुई। इसके बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो गया। इस कार्य में थाना प्रभारी चिंटू कुमार के साथ विपिन कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। बता दें कि 29 मई की रात एनएच 98 पड़वा औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित नावाबाजार साप्ताहिक बाजार बुधवार की रात लगभग 8 बजे हाईवा व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई थी। उसमें नावाबाजार निवासी 42 वर्षीय एनामुल खान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। नावाबाजार थाना पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा गया। घटना के बाद हाईवा चालक को स्थानीय लोगों द्वारा पिटाई की गई थी। मौके का फायदा उठाकर चालक भागने में सफल रहा था। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी जमाकर्ता व हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए आवागमन बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया था। सड़क के दोनों किनारे सैकड़ो गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। वहीं शरारती तत्वों द्वारा ठोकर मारने वाली हाईवा गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं सड़क किनारे खड़ी कई अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच नावा बाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच वाद विवाद भी हुआ। थाना प्रभारी चिंटू कुमार द्वारा घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए हाईवा में लगाई गई आग बुझाने के लिए दमकल को बुलाया गया। हाईवा कोयला से भरी होने के कारण आग रफ्तार में बढ़ता गया। आग की लपटे तेजी से पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।

### पदाधिकारी की लापरवाही से पलामू में बिजली की समस्या: बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को बिजली विभाग के जीएम को पलामू की बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में राज्य में गठबंधन की सरकार है। झारखंड सरकार की प्राथमिकता है राज्य के निवासियों को पूरा बिजली का व्यवस्था मिले। मगर पलामू जिला में पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण लोगों को भीष्म गर्मी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को समझना चाहिए कि भीष्म गर्मी से लोग परेशान। पलामू जिला में रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से 10 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। जीएम को सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है।

## इंडिया

# किडनी की दर्दरहित आधुनिक रोबोटिक सर्जरी में ही है भविष्य




**सुनील बादल**

*ऑपरेशन में बायीं ओर पांच छोटे छोटे छेद किए गए थे, न दर्द हुआ न मैंने कोई दवा ऑपरेशन के बाद खाई। एक महीने के बाद धीरे धीरे घंटे दो घंटे काम करने लगा। वैसे लेखनी किसी दिन नहीं रुकी। सचमुच डॉ गगन की टीम का ऋणी हो गया।*

मुसीबतों का पहाड़ जब टूट पड़े और पता चले कि सबसे आधुनिक और सुरक्षित ऑपरेशन मशीनी मानव यानी रोबोट करेगा तो जो मनःस्थिति हो सकती है वही मेरी थी जब रांची के पारस अस्पताल में हाथ पैर में सूजन और यूरिन इंफेक्शन की जांच में मेरी बायीं किडनी में ट्यूमर को खतरनाक बताकर डॉक्टर ने अधिकतम 15 दिनों में ऑपरेशन कराने को कहा। आनन फानन में किए शोध से पता चला कि मेदांता गुरुग्राम के डॉ. गगन गौतम प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं और रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण अमेरिका से लिया है। परेशान और घबराए परिजन इसी तरह के एक मामले में एक परिचित मैनेजर साहब के बहुत जल्द पूर्णतः स्वस्थ होने के अनुभव से कुछ आश्वस्त हुए। मेदांता में संयोग से तीन दिन बाद डॉ. गौतम का अपॉइंटमेंट मिला जिनसे मिलने के बाद सारा तनाव समाप्त हो गया जो कई दिनों से सभी को था कि पता नहीं यह दिल्ली की अंतिम यात्रा हो। अद्भुत और चमत्कारिक व्यक्तित्व है इनका अत्यंत विनम्र और ऊजार्वान मुझे आश्वासन दिया कि आप बिल्कुल स्वस्थ हो जाएंगे और उनकी टीम के के डॉ गगन तलवार,डॉ अंशुमान सिंह ने कंप्यूटर पर पूरी प्रक्रिया समझायी। झारखंड कैडर के प्रसिद्ध आइएएस आराधना पटनायक,केके सोन और निधि खरे जी ने तत्परता से मदद का रास्ता आसान करा दिया जिससे अस्पताल में विशेष ध्यान रखा गया। ऑपरेशन के दूसरे दिन मैंने डिनर किया और टहला भी तीसरे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑपरेशन में बायीं ओर पांच छोटे छोटे छेद किए गए थे न दर्द हुआ न मैंने कोई दवा ऑपरेशन के बाद खाई। एक महीने के बाद धीरे धीरे घंटे दो घंटे काम करने लगा। वैसे लेखनी किसी दिन नहीं रुकी। सचमुच डॉ. गगन की टीम का ऋणी हो गया। तकनीकी जानकारी ऐसी है किडनी के अधिकांश ट्यूमर, द्रव्यमान या जटिल सिस्ट का इलाज आंशिक नेफरेक्टोमी नामक प्रक्रिया से किया जा सकता है। यह किडनी के कैंसर वाले हिस्से को शल्य चिकित्सा द्वारा हटाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में, ट्यूमर के साथ सामान्य किडनी का बहुत कम हिस्सा निकाला जाता है। स्वस्थ किडनी ऊतक के अधिकांश हिस्से को बचा लिया जाता है और शल्य चिकित्सा द्वारा मरम्मत की जाती है ताकि रक्त और मूत्र सामान्य रूप से प्रवाहित हो सके। इसे कभी-कभी 'नेफ्रॉन-स्पेयरिंग' या 'किडनी-स्पेयरिंग' सर्जरी कहा जाता है।



डॉ. गगन गौतम



रोबोट की सहायता से आंशिक नेफरेक्टोमी में किडनी को निकालने और पुनर्निर्माण का काम कई कीहोल आकार के चीरों के माध्यम से किया जा सकता है, जबकि पेट के किनारे कई इंच के एक खुले चीरे के विपरीत। खुली सर्जरी के साथ बड़ा चीरा आमतौर पर दर्दनाक होता है और इसमें पसली को आंशिक रूप से हटाने की आवश्यकता हो सकती है। हालाँकि लेप्रोस्कोपिक आंशिक नेफरेक्टोमी को छोटे चीरों का उपयोग करके भी किया जा सकता है, लेकिन यह तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए इन प्रक्रियाओं को अक्सर कुल नेफरेक्टोमी में बदल दिया जाता है।

रोबोटिक प्रक्रिया के दौरान, एक टेम्पल यूरोलॉजिस्ट कैंसरग्रस्त क्षेत्र को काटने से पहले प्रभावित किडनी में रक्त के प्रवाह को अस्थायी रूप से रोक सकता है। किडनी का बड़ा दृश्य और सर्जिकल उपकरणों की आदर्श स्थिति सर्जन को किडनी ट्यूमर को हटाने, रक्तस्राव को रोकने और फिर पीछे छोड़ी गई कार्यशील किडनी की नाजुक वाहिकाओं और ऊतकों की मरम्मत करते समय बहुत सटीकता और नियंत्रण के साथ काम करने की अनुमति देती है।ट्यूमर को शरीर से निकाल दिया जाता है (एक छोटे प्लास्टिक बैग में रखने के बाद) कीहोल चीरों में से एक के माध्यम से। कुछ मामलों में, नेफरेक्टोमी या आंशिक नेफरेक्टोमी के हिस्से के रूप में आस-पास के लिम्फ नोड्स को भी हटा दिया जाएगा और उनकी जांच (लिम्फ नोड विच्छेदन) की जाएगी। पुनर्निर्मित किडनी दो मुख्य लाभ प्रदान करती हैः यह दीर्घकालिक किडनी विफलता के जोखिम को कम कर सकती है और यदि दूसरी किडनी क्षतिग्रस्त हो जाती है तो यह रिजर्व के रूप में कार्य करती है। जितना संभव हो सके उतना स्वस्थ किडनी ऊतक रखने से आपको आने वाले वर्षों में डायलिसिस की आवश्यकता से बचने में मदद मिल सकती है, खासकर यदि आपको पहले से ही उच्च रक्तचाप और मधुमेह है।कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंशिक नेफरेक्टोमी वाले रोगियों में कैंसर से बचने की दर, कट्टरपंथी नेफरेक्टोमी वाले रोगियों के बराबर होती है।ऑपरेशन और जांच की दर लगभग वही है जो झारखंड के बड़े अस्पतालों है पर पारदर्शिता, सेवा, विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस मेदांता गुरुग्राम एक विश्वस्तरीय अस्पताल है जहां विदेशी और वीआइपी भी अपना इलाज कराते हैं।

## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 83 हजार रुपये

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी रहीम अंसारी के साइबर अपराधियों ने 83 हजार 879 रू ठगी का शिकार हो गये। भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने बताया की 17 और 18 जून को उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से साइबर अपराधियों ने पांच बार में 83 हजार 8 सौ 79 रू निकाल लिया है। जबकि उसके पास कोई फोन आया था नहीं वह किसी को ओटीपी बताया है। रहीम ने बताया की पक्का का घर बनने के लिए मजदुरी कर राशी बैंक खाते में जमा किया था भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने केतार थाना में आवेदन देकर साइबर अपराधियों पर कारवाई करने और अपनी राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### समर कैंप का हुआ आयोजन




**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज का समर कैंप का उद्घाटन करते हुए गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह विधायक प्रतिनिधि खेल कूद ओमप्रकाश गुप्ता ने पहला दिन का शुरूआत सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें कैंप के कोच मेंटर प्रकाश मुंडा ने खिलाड़ियों को क्रिकेट की हर एक बारीकियां के बारे में तरीके से समझाया तथा क्रिकेट में छोटे-छोटे टारगेट को कैसे अचीव करते हैं। इसके बारे में उन्होंने बताया उन्होंने क्रिकेट के मनोविज्ञान के बारे में भी खिलाड़ियों को बताया तथा उन पर उनके साथ इन सब मुद्दों पर काफी विस्तार से चर्चा की कैंप में पहले दिन लगभग 80 से ज्यादा लोकल खिलाड़ी शामिल हुए। जो कि प्रकाश मुंडा से मिलकर काफी खुश थे तथा उन्होंने भविष्य की और देखते हुए प्रकाश मुंडा को धन्यवाद दिया तथा उनके साथ मिलकर काम करने के लिए काफी खुश दिखे।

### डॉ हिमंता के चुनाव सह प्रभारी बनने से बेहतर प्रदर्शन होगा

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड प्रदेश का प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा डॉ हिमंता विश्व सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाये जाने पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये बधाई दिया है श्री केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दिया है उन्होंने कहा कि उक्त दोनों चुनाव प्रभारी व चुनाव सह प्रभारी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरे प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करेगी उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व डॉ हेमंता विश्व सरमा को भी बधाई दिया है प्रेसवार्ता में सलीम अंसारी, अरुण कुमार, सोबराती खां सहित अन्य उपस्थित थे।

### जायंट्स ग्रुप के सदस्यों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भोग प्रसाद का किया वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन के वर्ल्ड चेयरमैन सह संस्थापक पदमश्री नाना चुडासमा के जन्म दिन के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने सोमवार की शाम पुराना बैल बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का वितरण किया इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, देव शंकर प्रसाद,राहुल कुमार, विनोद कुमार कांस्यकर, हीरालाल,ललित किशोर सहित अन्य गण्यमान्य लोग व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

# हमें विधानसभा चुनाव सिर्फ लड़ना नहीं, अद्वितीय सफलता हासिल करनी है : कल्पना सोरेन



## 1 बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलाई है : कल्पना

## 2 सरकार के मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहे हैं, हमें बातें कम और काम ज्यादा करना है : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढ़वा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं व कार्यकताओं उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकताओं ने तिलक लगाकर एवं पत्तों से बनी झारखंड के पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। श्रीमती सोरेन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से संवाद भी की। श्रीमती सोरेन हुसैनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जा रही थीं। यहां से श्रीमती सोरेन एवं मंत्री श्री ठाकुर दोनों हुसैनाबाद के लिए रवाना हो गए।




गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलाई है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है। जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं बल्कि अद्वितीय सफलता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकताओं के बदौलत पार कर लिया। अब दूसरा पड़ाव विधानसभा का चुनाव है। लेकिन चुनाव में जुटने के साथ साथ अभी राज्य की जनता को काफी लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री बेहतर काम कर रहे हैं। जनहित की कई नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। अभी राज्य के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि हमें बातें कम और काम ज्यादा करना है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में सबकी अपनी अपनी नीति और रणनीति होती है। साथ ही चुनाव के बाद सभी अपनी-अपनी तरह से समीक्षा करते हैं, बैठकें होती हैं। इसमें कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मुझे उस पर ध्यान देने के बजाए खुद पर गौर करना है कि आने वाले समय में हमारे सामने क्या चुनौती है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद बखूबी समझ में आ गया है कि हमें कितनी मेहनत करने की जरूरत है। क्योंकि विधानसभा का चुनाव झारखंड के लिए बहुत बड़ा पड़ाव है। उसे कैसे ज्यादा से ज्यादा सीट के साथ पार करना है। इसे सुनिश्चित करना जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नितेश सिंह, दीपमाला, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, फरीद खान, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोलेरो के पलटने से आधा दर्जन लोग घायल




**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

थाना अंतर्गत सुंडी पंचायत के सोन तटीय क्षेत्र चंदना मुख्य पथ पर तीखी मोड़ पर एक बोलेरो तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बोलरो पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दो अन्य लोगो को हल्की चोट आई है। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार जोगियाबीर छाताकुड से आधा दर्जन लोग केतार के अजय मेहता के बोलरों से बिहार जिला रोहतास के सारोदाग गए थे। सुबह सभी लोग सारोदाग से वापस खोखा गांव होते हुए घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार में होने की वजह से चंदना में तीखी मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटकर पास के एक पेड़ में टकरा गई। बोलेरो के पलटने की आवाज सुनकर दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों दौड़े।

बोलेरो में फंसे लोगो को बोलेरों से बाहर निकाला। साथ ही तत्काल सभी घायलों को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। बोलेरो पलटने से 6 लोग घायल हो गए है। जिसमे चार लोगो का स्थिति गंभीर है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया यूपी बॉर्डर खोखा से केतार तक की अच्छी सड़क है। जिससे इस सड़क पर चलने वाले वाहन को चालक तेज गति में चलाते है। जिससे अकसर तीखी मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाती है।

अब तक कई बार इस मोड़ पर वाहन पलट गई है। साथ ही बताया देहात में वाहनों की जांच नहीं होने से नवसिखिया चालक बिना लाइसेंस के वाहन को तेज गति में चलाते है।

जिससे अकसर दुर्घटना होते रहता है। आकर उक्त स्थल पर ब्रेकर नही लगाया गया तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त स्थान पर गति रोधक ब्रेकर लगवाने की मांग की है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा।** पलामू जिला के नावा बाजार थाना क्षेत्र के रजहरा गांव निवासी जगरनाथ चंद्रवंशी का पुत्र संतोष कुमार चंद्रवंशी 38 वर्ष मोटरसाईकिल दुघर्टना में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया की वह रंका में रहकर मजदूरी का काम करता है। वह रंका बाजार की ओर कुछ काम से आया था। उसी बीच बाजार के पास ही मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## टेंपो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के सदर अस्पतालके समीप टेम्पो और बाइक के टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल व्यक्ति का पहचान बिहार के हिरामा थाना के दुमहिरत गांव निवासी उमेश महतो का पुत्र मंतोष कुमार के रूप में हुई है । उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि मंतोश गढ़वा में रहकर कपड़ा फेरी करने का काम करता है। वह मेराल रोड से गढ़वा की ओर आ रहा था। उसी बीच सदर अस्पताल के पास एक टैंपू ने उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दिया। घटना के बाद आस पास के लोगो के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## ग्रामीणों ने प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार पर रिश्वत लेने का लगाया आरोप

**बड़गड़।** प्रखंड कार्यालय के प्रभारी प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार पर मनरेगा योजना के तहत ग्राम सभा में चयनित तालाब निर्माण योजना के लाभुकों से रिश्वत लेने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति दे कर सीमा केरकेट्टा, खुशबून बीबी ,समसेर अंसारी,नुरआलम अंसारी, हुसैन अंसारी ने कहा कि बड़गड़ प्रखंड कार्यालय के प्रभारी प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार ने मनरेगा योजना के तहत ग्राम सभा में चयनित प्रति तालाब में पांच हजार रुपये बतौर रिश्वत लिए हैं। चुकी अब बरसात नजदीक आ गया है बावजूद इसके तालाब निर्माण योजना की स्वीकृति नहीं दी गई है। इससे हम ग्रामीणों में काफी क्षुब्ध हैं । उन्होंने कहा कि बड़गड़ प्रखंड आदिवासी बहुल इलाका है ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों के रहते हुये यह क्षेत्र विकसित नहीं हो पायेगा । उन्होंने मांग किया है की ऐसे रिश्वतखोर पदाधिकारी का तत्काल प्रखंड से स्थानांतरण किया जाये ।

## पंचायत समिति की बैठक संपन्न

## नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य की जगह पति, पुत्र बैठक में हो रहे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्य की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड कर्मी सहित जनप्रतिनिधियों बैठक में शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने किया।

बैठक का मुख्य कारण प्रखंड में चल रहे योजनाओं जैसे- मनरेगा, आबुआ आवास, ग्रीन राशन कार्ड, शिक्षा ,स्वास्थ्य, सावित्री बाई फुले, पीएचडी विभाग सहित कई योजनाओ को लेकर समीक्षा बैठक की गई,साथ ही सभी प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधि को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में शामिल प्रखंड के कर्मी सहित पदाधिकारी तो बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हो रहे हैं। लेकिन बैठक में निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य की जगह उनके पति एवं पुत्र बैठक में शामिल होकर कर्मियों को निर्देश दे रहे हैं। जबकि सरकार द्वारा साफ विभागीय निर्देश प्राप्त है कि कोई भी किसी भी कीमत में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति या पुत्र किसी भी प्रकार के बैठक में भाग नहीं ले सकेंगे। लेकिन खरौंधी प्रखंड में सरकार एवं पदाधिकारियों के निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी तरीके से बैठक में शामिल हो रहे हैं। जिससे प्रखंड के कर्मी भी असहज महसूस कर रहे हैं।

इस पर पूर्व उपप्रमुख गोरख नाथ चौधरी ने कहा की पंचायत समिति की बैठक में निर्वाचित बीडीसी व मुखिया की जगह पर पति, पुत्र को बैठक में शामिल किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार का निर्देश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। पूर्व उपप्रमुख ने उपायुक्त गढ़वा से मांग किया है की वैसे लोगों पर आवश्यक कार्रवाई करें और पदाधिकारी को भी निर्देशित करते हुए उन पर भी कार्रवाई करें ताकि पंचायती राज के माध्यम से उन गरीबों व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंच सके जो अंतिम पंक्ति में खड़े हैं एवं पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।

## होटल मालिक और ग्राहक के बीच प्लास्टिक को लेकर हुई मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

खरौंधी मोड़ के समीप करमू होटल में मंगलवार को दोपहर काला की जगह उजला प्लास्टिक में रसगुल्ला दिए जाने से नाराज ग्राहक ने होटल में तोड़-फोड़ करने के साथ ही होटल मालिक के साथ मारपीट तथा लूटपाट की घटना का अंजाम दिया। होटल कर्मियों द्वारा उक्त ग्राहक को पकड़ कर इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने होटल संचालक से घटना की जानकारी लेने बाद अरसली उतरी निवासी छोटू शर्मा नामक उक्त युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया। होटल संचालक करमू चंद्रवंशी ने पुलिस को बताया कि बुधवार की दोपहर में छोटू शर्मा नामक युवक होटल पहुंचकर रसगुल्ला की मांग किया। जब मेरा बेटा उजला प्लास्टिक में रसगुल्ला दिया तो उसने काला प्लास्टिक में देने की मांग करने लगा, काला प्लास्टिक नही होने की बात कहने पर वह अक्रोशित होकर गाली गलौज करने लगा, इसके बाद मैं उसे समझा बुझाकर उसे भेज दिया। बताया कि थोड़ी देर के बाद छोटू शर्मा अपने साथ कुछ युवकों के साथ दुबारा होटल पहुंचा तथा गाली गलौज करते हुए हाथ में लिए लोहे के रॉड से काउंटर, वेट मशीन को पीटकर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा डेग में भरा हुआ रसगुल्ला को फेंक दिया।



## डंडई पंचायत के जन प्रतिनिधियों के लिए सिर दर्द बने पीडीएस दुकानदार



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

गांव की सरकार के जनप्रतिनिधियों के लिए पूरी तरह सर दर्द बन गए हैं डंडाई पंचायत के जन वितरण दुकानदार । उनका परवाह किए बगैर धड़ल्ले से लाभुकों के आहार में उनके द्वारा प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ली जा रही है । वहीं चाह कर के भी जन प्रतिनिधि उसमें सुधार नहीं करा पा रहे हैं । मामले में यूं कहने से हम तनिक भी गुरेज नहीं करेंगे कि जन वितरण दुकानदारों के आगे पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि पूरी तरह नतमस्तक हो चुके हैं । पंचायत के बेला झगड़ा गांव में स्थित दुकानदार महाजुद्दीन के दुकान पर इन दिनों वितरण हो रहा खाद्यान्न इसका जीता जागता उदाहरण है । उक्त दुकान पर जहां व्यवस्था को लेकर प्रत्येक दिन लाभुक हो हंगामा करते देखे जा रहे हैं वही प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती को लेकर भी वे काफी आक्रोशित हो जा रहे हैं। लेकिन दुकानदार के आगे उनकी एक भी नहीं चल पा रही है । मजबूरन दुकानदार के अनुसार प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती करा उन्हें खाद्यान्न लेना पड़ रहा है । मामले में उस क्षेत्र से चुनाव जीते जन प्रतिनिधियों की चुप्पी भी कई सवालों को जन्म दे रहा है । जबकि इससे पूर्व उनके द्वारा प्रखंड भर में बिना कटौती के लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कराने का ऐलान किया गया था । प्रखंड की बात तो दूर अब उनके द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र के जन वितरण दुकानों से भी लाभुकों के बीच पूरा पूरी बिना कटौती के खाद्यान्न का वितरण भी नहीं करवाया जा पा रहा है ।

# पूरी तरह से बदल चुकी है गढ़वा की तस्वीर : मंत्री मिथिलेश

## भाजपा व राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के बेलचंपा पंचायत अंतर्गत नावाडीह भुइयां टोली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा एवं राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने तन मन से पार्टी की सेवा करने तथा पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कमालु खान के नेतृत्व में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से आनंद सिंह, डॉ असलम अंसारी, उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, झोटन भुईयां, जिनोद अंसारी, अनुग्रह सिंह, नरेश राम, जितेंद्र शर्मा सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। सभी लोग अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि कौन जनता का हितैसी है और कौन जनता के साथ छल करने वाला है। उन्होंने कहा कि झामुमो ही एकमात्र पार्टी है जो राज्य एवं राज्य की जनता के हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है। मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन की सरकार ने हेमंत सोरेन एवं चंपई सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य किया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता के आशीर्वाद एवं सहयोग से उन्होंने गढ़वा के माथे पर लगा पिछड़ेपन के कलंक धो डाला है। पहले गढ़वा की गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी, परंतु अब गढ़वा विकास के मामले में उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के नाम पर कहीं भी एक ईंट तक नहीं रखा। यहां तक कि उनका गृह पंचायत भी पिछले दस वर्षों में खस्ता हाल बना रहा। परंतु आज काफी कम समय में बगैर भेदभाव के मैंने सभी क्षेत्रों का संपूर्ण विकास किया है। आज पुरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जो हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सदर अंजुमन मदनी खान, चांद साह, मोबिन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


पार्टी में शामिल हुए लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।


## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (खनन शाखा)

ज्ञापंक ................./एम0 दिनांक ....................

**निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में निर्माण के दौरान तोडे गए भण्डारित पत्थर खनिज का आम निलामी हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत निमार्णाधीन समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में निर्माण के दौरान तोड गए भण्डारित पत्थर लगभग 5223.92 घनमीटर को The Jharkhand minerals (Prevention of illegal mining transportation and Storage ) Rule 2017 के नियम 11 (v) के तहत Confiscate case no.- 06/2023-24 में दिनांक 13.02.2024 को नीलामी कराने का आदेश पारित किया गया है। उक्त जप्त खनिज की नीलामी दिनांक 25.06.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी।

खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | खनिज भण्डारण स्थल | भण्डारित खनिज का नाम | भण्डारित खनिज की मात्रा लगभग | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर | पत्थर | 5223.92 घनमीटर | 3395548/– | 339555/– |

लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लोहरदगा

PR 326738 Lohardaga(24-25).D

## Office of the Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement Very Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/PVTG/Retro-11/2024-25 Date – 18.06.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 19.06.2024 |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 24.06.2024 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 24.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई।

**143** रन से जीत दर्ज की थी भारत ने अपने पहले मैच में

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है।

### टीम इस प्रकार हैं

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री, दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

दक्षिण अफ्रीका : लॉरा वोल्वाड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर।

## रोहित को टीम इंडिया से सुपर 8 में विशेष प्रदर्शन की उम्मीद



**बारबाडोस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी 20 विश्व कप में सुपर आठ चरण में अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम के सामूहिक प्रयास पर जोर दिया है ताकि भारतीय टीम टूनामेंट पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ सके। भारत ने ग्रुप चरण में अपराजित रहते हुए सुपर आठ में जगह बनायी है। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया है जबकि कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था। भारत ग्रुप ए में अपराजित रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहा। भारतीय टीम सुपर आठ के शुरूआती मुकाबले से पहले बारबाडोस पहुंची ताकि वह वहां मौसम से अभ्यस्त हो सके और अपनी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर सके।

## विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने जीत के साथ की ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत



**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरूआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।

## यह भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है : पीयूष चावला

**नई दिल्ली।** मौजूदा टी 20 विश्व कप में भारत के आलराउंड प्रदर्शन को चौतरफा सराहना मिल रही है और पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया है। चावला ने जोर देकर कहा कि भारत का गेंदबाजी आक्रमण हाल के वर्षों में बदला है और विश्व स्तरीय बन गया है। अनुभवी गेंदबाज ने इसे एक महान गेंदबाजी इकाई बनाने के लिए स्पिनरों कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल के साथ-साथ जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या की तेज गेंदबाज चौकड़ी को श्रेय दिया।

## भारत 2025 में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की करेगा मेजबानी

एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम: खेल को अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है

हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है - हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह



**एजेंसी। लुसाने**

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने अगले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के आयोजन की मेजबानी भारत को दी है। टूर्नामेंट दिसंबर 2025 में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा, " बड़ी और अधिक विविध संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि की है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं!"

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हमें खुशी है कि एफआईएच ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना। हम एफआईएच को अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहते हैं। अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने हमें इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी सौंपी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है और भावी पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

## सीएसी ने गंभीर का इंटरव्यू लिया, भारतीय टीम के कोच के रूप में जल्द होगी घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। ADVERTISE बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे। सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी।

## पेरिस 2024 ओलंपिक से हटीं ओन्स जाबेउर



**बर्लिन।** विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज ट्यूनीशिया की ओन्स जबेउर आगामी पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगी। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सबालेंका ने सोमवार को मीडिया डे पर डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा कि उन्होंने खुद की देखभाल करने और हार्ड-कोर्ट गर्मियों के लिए तैयारी करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा,खासकर पिछले कुछ महीनों में मैं जिन सभी संघर्षों से जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। यह शेड्यूलिंग के लिए बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का फैसला किया है। 1992 में बार्सिलोना के बाद पहली बार ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट क्ले पर आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों को उत्तरी अमेरिकी हार्ड कोर्ट पर लौटने से पहले ओलंपिक के लिए विंबलडन में घास से रोलांड गैरोस में क्ले पर जाना होगा। हार्ड कोर्ट गर्मियों में टोरंटो और सिनसिनाटी में लगातार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट शामिल होंगे, इसके बाद साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम, यूएस ओपन होगा, जहां सबालेंका पिछले साल फाइनल में पहुंची थीं।

# झारखंड के हॉकी कोचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

- **आपलोगों ने जो अनुभव प्राप्त किया, उससे अपने सेंटर में जाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करें : भोलानाथ सिंह**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी इंडिया,हॉकी झारखंड और खेल कूद एवंम युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सयुक्त तत्वाधान में झारखंड के हॉकी प्रशिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया।

16से 18 जून तक आयोजित इस कार्यशाला में दोरणाचार्य अवार्ड से सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह ने झारखंड के प्रशिक्षकों सबसे पहले हॉल में प्रोजक्टर के मध्यम से थ्योरी क्लास कराया और बाद में खेल के मैदान में प्रेक्टिकल भी कराया।

उपस्थित सभी 73 कोचों को कई ग्रुप बनाकर सबसे एक दूसरे से चर्चा परिचर्चा भी कराया गया। आज अंतिम दिन हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के भोलानाथ सिंह कार्यशाला में शामिल सभी प्रशिक्षकों से मिले और कहा कि आपलोगों ने जो अनुभव प्राप्त किया उसे अपने-अपने सेंटर में जाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करे आने वाले दिनों में और भी आपलोगों के लिए कार्यशाला की जरूरत होगी तो इस तरह का कार्यशाला का आयोजन कराया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यशाला में झारखंड सरकार के आवासीय और डे बोर्डिंग सहित झारखंड के विभिन्न जिला में संचालित हॉकी सेंटरों के कुल 73 कोच शामिल रहे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### अजित कुमार केके धनलक्ष्मी बैंक के सीईओ और एमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने अजित कुमार केके को बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह 20 जून को अपना कार्यभार संभालेंगे। धनलक्ष्मी बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि उसने अजित कुमार केके को बैंक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने बताया कि निदेशक मंडल ने आज हुई बैठक में अजित कुमार केके को 20 जून, 2024 से तीन साल के लिए बैंक का एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दी है। बैंक ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रावधानों के अनुसार इस नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी। गौरतलब है कि अजित कुमार एक अनुभवी बैंकर हैं, जिन्हें जिन्हें ऋण, मानव संसाधन, व्यवसाय, शाखा बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में फेडरल बैंक के साथ 36 साल से अधिक का अनुभव है। वह फिलहाल फेडरल बैंक में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी हैं।

### फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने मार्च में इसके सात फीसदी रहने का अनुमान जताया था। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 फीसदी की मजबूत वृद्धि होगी। वहीं, एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए विकास दर क्रमशः 6.5 फीसदी और 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर के अपने अनुमान में संशोधन किया है।

### बिजली मंत्रालय ने गर्मी से बढ़ती मांग के बीच उत्पादन संयंत्रों को किया सतर्क

# बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है : मंत्रालय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिजली मंत्रालय ने मंगलवार को सभी उत्पादन संयंत्रों से बिजली की मांग बढ़ने से उच्च स्तर की मुस्तैदी को बनाए रखने को कहा है। मंत्रालय ने गर्मियों में बढ़ती मांग के दौरान पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम भी उठाया है।

बिजली मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण 17 मई, 2024 से बिजली की भारी मांग का सामना करना पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में 89 गीगावाट की अब तक की सबसे अधिक मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक उत्तरी क्षेत्र की बिजली जरूरत का 25-30 फीसदी पड़ोसी क्षेत्रों से लेकर पूरा किया गया। मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि इस मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है। गौरतलब है कि उत्तरी क्षेत्र में भाषण गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ रही है, जिससे मानसून आने के बाद ही राहत मिलने का अनुमान है।

### मसालों का निर्यात रिकॉर्ड 4.46 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय मसालों और उनके उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर रिकॉर्ड 4.46 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मसाला बोर्ड के हाल में जारी आंकड़ों से पता चला है कि निर्यात किये जाने वाले मसालों की मात्रा और कीमतों, खासकर लाल मिर्च, इलायची और हल्दी, में इस बढ़ोतरी के कारण निर्यात से प्राप्त आय बढ़ी है। इसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में देश से 15,39,692 टन मसालों का निर्यात हुआ था जिनकी कीमत 36,958.80 करोड़ रुपये (4.46 अरब डॉलर) है। लाल मिर्च का निर्यात रिकॉर्ड 1.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो वित्त वर्ष 2022-23 के 1.3 अरब डॉलर से 15 प्रतिशत अधिक है। यह देश के कुल मसाला निर्यात का 34 प्रतिशत है। इसकी सबसे ज्यादा मांग चीन और बांग्लादेश से आई। मात्रा के आधार पर भी लाल मिर्च का निर्यात 5.24 लाख टन से 15 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 6.01 लाख टन पर पहुंच गया।

### नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत



**नई दिल्ली।** पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यदा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ फिंगर्स बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। कंपनी के मुताबिक नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है।

# अर्थव्यवस्था में तेजी का असर, दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत का एनबीएफसी सेक्टर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का नॉन-बैंकिंग फाइनेंसियल (एनबीएफसी) सेक्टर अब दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। फिलहाल यूएस और यूके का एनबीएफसी क्षेत्र क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर है। एसबीआई की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

एनबीएफसी केवल लोगों को लोन देने का कार्य करती है। इनके पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं होता है। इस कारण ये जनता से जमा स्वीकार नहीं कर सकते। किसी भी देश के आर्थिक विकास में इनकी अहम भूमिका होती है।

बता दें, वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है, जो कि दुनिया में सबसे तेज है।

फाइनेंसियल सेक्टर के विकास पर एसबीआई की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले एक दशक में भारतीय बैंकिंग सिस्टम में लचीलापन देखने को मिला है। इस दौरान बैंकिंग सिस्टम को कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हालातों का सामना करना पड़ा। एसेट्स क्वालिटी में सुधार और मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण भारत का बैंकिंग सिस्टम अच्छी स्थिति में है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत सरकार और रेगुलेटरी इकाइयों ने एक लेवल प्लेइंग फील्ड क्रिएट किया है। इसमें विलय के जरिए मजबूत बैंक बनाना, वित्तीय सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता बढ़ाना और डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

महामारी के दौरान भी सरकार ने पूंजी और लिक्विडिटी बफर के जरिए वित्तीय सेक्टर की स्थिरता को बनाए रखा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि डिजिटल बैंकिंग की तरफ जोर दिए जाने के कारण सेक्टर की वृद्धि दर में इजाफा हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म आने के साथ वित्तीय सेवाओं को पहुंचाने में मदद मिली है।

### सरकार की पहल का असर, वैश्विक स्तर पर गूंज रहा 'मेड-इन-इंडिया' ब्रांड



**नई दिल्ली।** भारत सरकार लगातार घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और मेड-इन-इंडिया पर जोर दे रही है। अब स्टील इंडस्ट्री में भी सरकार के इस प्रयासों का असर दिखने लगा है। जानकारी के मुताबिक 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टील उत्पादकों की ओर से अपने उत्पादों पर 'मेड-इन-इंडिया' लेवल का उपयोग किया जा रहा है। बाकी के इस महीने के अंत तक इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे। पिछले वर्ष नवंबर में स्टील मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से एक इनिशिएटिव शुरू किया था, जिसमें ग्लोबल मार्केट में जाने वाले भारतीय स्टील उत्पादों पर 'मेड-इन-इंडिया' लेवल का उपयोग किया जाना था। इसका उद्देश्य भारतीय स्टील उत्पादों को खरीदारों के लिए आकर्षक बनाने के साथ प्रोडक्ट की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना था। बता दें, इस इनिशिएटिव को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से इसकी रूपरेखा तैयार की गई। स्टील मंत्रालय द्वारा इसका कार्यान्वयन शुरू किया गया।

### डॉ अनुराग बत्रा बने इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज के सदस्य



**नई दिल्ली।** एक्सचेंज4मीडिया के संस्थापक और बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड के अध्यक्ष डॉ. अनुराग बत्रा को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज (आईएटीएएस) के सदस्य के रूप में चुना गया है। वह अब आईएटीएएस के 60 से अधिक देशों के 900 से अधिक सदस्यों के समूह में शामिल हो गए हैं। यह आईएटीएएस टीवी और मीडिया उद्योगों के सबसे बड़े नामों का प्रतिनिधित्व करता है। आईएटीएएस एक अमेरिकी एनजीओ है, जिसमें दुनिया भर के तमाम मीडिया और मनोरंजन जगत से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हैं। 1969 में स्थापित यह फिल्म संस्था 17 श्रेणियों में अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार भी प्रदान करती है।

### युवा कैंसर पीड़ितों को भविष्य में बना रहता है सभी प्रकार के कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक शोध से यह बात सामने आई है कि कम उम्र में कैंसर की बीमारी से पीड़ित मरीज को भविष्य में हृदय रोग (सीवीडी) के साथ अन्य तरह के कैंसर का खतरा बना रहता है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित शोध में 1958 के बाद से स्वीडन में 25 वर्ष से कम आयु के सभी लोगों का सर्वेक्षण किया गया, जो कैंसर के शिकार हुए थे। शोधकताओं ने पाया कि कैंसर से बच गए लोगों में भविष्य में कैंसर होने की संभावना लगभग तीन गुना अधिक थी। लिंकोपिंग विश्वविद्यालय में शोधकर्ता और नॉरकोपिंग में व्रिन्नेवी अस्पताल के कार्डियोलॉजी क्लिनिक में सलाहकार लैला हबर्ट ने कहा, यदि आपको बचपन या किशोरावस्था में कैंसर हुआ है, तो आपको भविष्य में लगभग सभी प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

# सीता सोरेन के लिए झामुमो की हमदर्दी सिर्फ नाटक : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आज ये लोग सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस समय सीता सोरेन ने सोरेन परिवार के ऊपर उनकी और उनकी बेटियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था, तो झामुमो चुप रही। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति स्व दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए, उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को सांप सूंघ गया था। आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब पार्टी और परिवार में ही शिबू सोरेन की बड़ी बहू की उपेक्षा की गई, तो इन से आम लोगों के लिए न्याय की उम्मीद की बात सोचना भी बेमानी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है तो उसे अपने ही गठबंधन के विधायक लोबिन हेंब्रम,चमरा लिंडा , अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह के द्वारा अलग-अलग समय पर सरकार पर लगाए गए गंभीर आरोपों का भी प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब देना चाहिए।



## चुनाव परिणाम के बाद बदहवास हो गया है इंडी गठबंधन

भाजपा प्रवक्ता ने ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सत्ताधारी गठबंधन बदहवास हो गया है। जिस समय 2019 में इन लोगों ने चुनाव जीता था, तब इनके पास 48 विधायक थे एवं तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 50 सीटों पर आगे रहा, जबकि इंडी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया। इन्हें पता है कि अगले चुनाव में इनका सुपड़ा साफ होने वाला है। इसलिए यह अनर्गल बयान बाजी पर उतर आए हैं। प्रतुल ने कहा कि भाजपा की समीक्षा बैठक पूरे प्रदेश में चल रही है।अधिकांश जगहों पर कार्यकर्ता सुचारू रूप से फीडबैक दे रहे हैं।सिर्फ देवघर में कुछ बाहरी तत्वों के द्वारा हंगामा करने की सूचना आई थी।

## कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड देखे झामुमो

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपने सहयोगी दल कांग्रेस का झारखंड में भी ट्रैक रिकॉर्ड देख लेना चाहिए। 21 जून, 2013 को कांग्रेस भवन, रांची में दो गुटों के बीच में वर्चस्व की लड़ाई पर दिन दहाड़े दर्जनों राउंड गोलियां चली थी और पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया था। 1 जुलाई, 2019 को लोक सभा की हार की समीक्षा बैठक के दौरान तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को कांग्रेस कार्यालय में घुसने तक नहीं दिया गया और पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा था। कांग्रेस ऑफिस पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।उस समय भी कई लोग हिरासत में लिए गए थे। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने ही गठबंधन के तीन विधायकों के ऊपर मुकदमे करा कर कोलकाता में भी करवाई थी। लंबे समय तक उनको जेल में यातना भी दिलवाया था।

# भाजपा की बैठक में मारपीट व गाली गलौज पर झामुमो ने साधा निशाना

*यूपी-बिहार के गुंडों से भाजपा सांसद अपने ही कार्यकर्ताओं को पिटवा रहे : सुप्रियो*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड भाजपा में जारी अंतर्कलह पर जमकर निशाना साधा है। झामुमो प्रवक्ता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को समीक्षा बैठक करने से पहले पुलिस की व्यवस्था कर लेनी चाहिए । सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को झामुमो के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा की समीक्षा बैठक में देवघर और दुमका में हुए उठापठक, मारपीट और गाली-गलौज पर तीखा हमला किया है। उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधते कहा कि वे बिहार से आकर लगातार चौथी बार चुनाव जीत रहे हैं और भागलपुर और यूपी से गुंडों से यहां के मूलवासियों को पीटवा रहे हैं। यह आरोप उनके देवघर के दलित विधायक नारायण दास ने लगाया है। इसके लिए भाजपा नेताओं को राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## सीएम हिमंता का बयान उन्मादी

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने झारखंड के चुनाव प्रभारी के रूप में शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। हिमंता के बयानों में उन्माद दिखता है। यही हाल भाजपा के कार्यकताओं का है। अपने ही नेताओं को गाली-गलौज करते हैं। समीक्षा बैठकों में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं संग धक्का-मुक्की की जाती है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के साथ दुमका में भाजपा के ही कार्यकर्ताओं ने धक्का-मुक्की कर दी। गढ़वा से गये बालमुकुंद सहाय संग गाली- गलौज किया।



## आपस में ही लड़ रहे भाजपाई

झामुमो नेता ने कहा कि वे लोग चाहते हैं कि कि भाजपा विधानसभा का चुनाव विपक्ष की तरह लड़ें, लेकिन यो तो आपस में ही लड़ रहे हैं। यह अजीब विडंबना है। समीक्षा बैठक में भाजपा अपने हैवीवेट नेताओं को प्रभारी बना कर भेजते हैं। लेकिन समीक्षा बैठक में ये लोग आपस में ही गाली-गलौज और मारपीट कर रहे हैं। झामुमो नेता ने कहा कि दुमका के प्रत्याशी ने खुद कहा है कि वे नहीं हारी है बल्कि पीएम मोदी हारे हैं, अब जब भाजपा के लोग ही कर रहे हैं कि मोदी की हार हुई है। दूसरी तरफ जीते हुए सीट पर उनके विधायक सुरक्षित नहीं हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

**झारखंड का विकास झामुमो से ही...**

तक भाजपा की सरकार प्रदेश में रही है। लेकिन झारखंड का विकास के नाम पर राज्य की जनता को सिर्फ ठगने का काम किया गया। झामुमो की सरकार काफी तेजी से विकास कर रही है। लोगों को रोजगार मुहैया कराई जा रही है। गरीबों की उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्ष झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की। संचालन सचिव शानू सिद्दकी ने किया।

**पाकुड़ के गांव पर बंगाल के...**

दिन सोमवार को गोपीनाथपुर गांव में एक व्यक्ति ने सड़क के किनारे गोवंशीय पशु की कुर्बानी दी थी। इसका कई लोगों ने विरोध किया, तो दो समुदायों के लोगों के बीच मारपीट हो गई। पड़ोस के राज्य पश्चिम बंगाल के कृष्टोनगर के ग्रामीण भी विवाद में उलझ गए थे और दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ था। दोनों राज्यों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की थी। इसी विवाद को लेकर मंगलवार को दूसरी बार गोपीनाथपुर गांव पर कई बम फेंके गए और फायरिंग की गई। हमले से घबराए गोपीनाथपुर के ग्रामीण घरों को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद उत्पात नहीं थमा। एसपी प्रभात कुमार ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जारी है। पश्चिम बंगाल की पुलिस भी उपद्रवियों को खदेड़ने में जुटी है। पाकुड़ पुलिस का एक जवान घायल हुआ है। कुछ ग्रामीणों के भी घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि, इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। एक घर में आग लगाई गई थी, जिसे बुझा दिया गया।

**विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन के...**

का एक बड़ा धर्मस्थल है। इसका सम्पूर्ण विकास जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी, पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

**धार्मिक और पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए हमें क्या कार्य करने की जरूरत है, इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इन बहुआयामी पर्यटन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इनका विकास होना बहुत ही आवश्यक है।


**समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–10, पलामू कैम्प–झा0स0पु0–8, लेस्लीगंज, पलामू**
(ई मेल–co-irb10@jhpolice.gov.in)

**प्रेस विज्ञप्ति**

निलंबित हवलदार संतोष कुमार, आई0आर0बी0–10, पलामू को दिनांक–10.10.2020 से दिनांक–19.10.2020 के अप0 तक अवकाश स्वीकृत करते हुए आपको प्रस्थान कराया गया था। आपकी उपस्थिती दिनांक–20.10.2020 के पूर्वा0 में वाहिनी मुख्यालय में थी, परंतु आप मनमानेपूर्वक अवकाश से पिछड़ने लगे। अवकाश से पिछड़ने के कारण इस वाहिनी का बलादेश सं0–19/2021 तद्नुसार ज्ञापांक–21/र0का0, दिनांक–03.01.2021 के द्वारा वेतन धारित करते हुए आपको अपने कार्य पर अविलंब उपस्थित होने हेतु इस कार्यालय का ज्ञापांक–695/र0का0, दिनांक–27.12.2020, ज्ञापांक–127/र0का0, दिनांक–18.02.2021, ज्ञापांक–197/र0का0, दिनांक–23.03.2021 एवं ज्ञापांक–412/र0का0, दिनांक–06.07.2021 के द्वारा आपके गृह पत्ते पर पत्र प्रेशित किया गया था, परंतु फिर भी आप अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए। तत्पश्चात् आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–05/2021 प्रारंभ की गई। इस कार्यालय का ज्ञापांक–482/र0का0, दिनांक–05.08.2021 के द्वारा अविलंब कार्य पर उपस्थित होने हेतु आपके गृह पत्ते पर विशेष दूत भी भेजा गया, परंतु आप अपने गृह पत्ते पर उपस्थित नहीं थे। वर्त्तमान में भी आप अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए है।

अतः आपको संसूचित के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से से 07 (सात) दिनों के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–10, पलामू

PR 326686 District(24-25).D


# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ नई दिल्ली रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे के बाद रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर आए कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात की। उनकी शुभकामनाएं स्वीकार की और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। सेठ ने कहा कि चार दिवसीय दौरे पर क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने जो स्नेह और प्यार दिया, यही उनकी पूंजी भी है और उनकी शक्ति भी। क्षेत्र के आशीर्वाद से ही रक्षा राज्य मंत्री के रूप में मिली नई जिम्मेदारी का निर्वहन सफलतापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा के विशेष सत्र में भाग लेकर तीन जुलाई के बाद में पुनः क्षेत्र में लोगों के बीच आएंगे। क्षेत्र के लोगों से उनका जुड़ाव पारिवारिक है और एक पारिवारिक सदस्य की तरह वे सदैव क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही, पूर्व की भांति क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे।




**कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा**
Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीन दयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन **(DAY-NULM)** के घटक **SUSV** के तहत् कुल 50 शहरी फुटपाथ विक्रेताओं के बीच (जिनका नाम **Survey List** में अंकित हो) खादगढ़ा वेंडिंग जोन में 84 चबुतरा एवं मधुबन वेंडिग जोन में 46 चबुतरा का आवंटन किया जाना है। वैसे फुटपाथ विक्रेता जो वार्ड संख्या 07, 08, 13, 14 एवं 15 में व्यवसाय कर रहे हैं वे खादगढ़ा वेंडिंग जोन हेतु एवं फुटपाथ विक्रेता जो वार्ड संख्या 19, 21, 22 एवं 23 में व्यवसाय कर रहे हैं एवं जिन्हें नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय द्वारा फुटपाथ विक्रेता का प्रमाण–पत्र निर्गत है। वे दिनांक 20.06.2024 से 26.06.2024 तक कार्य दिवस एवं कार्यालय अवधि में नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय के **NULM** शाखा में आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है। समर्पित आवेदन पत्र के जॉचोपरान्त लॉटरी के माध्यम से आवेदनकर्त्ताओं को संबंधित वेडिंग जोन में चबूतरा/ स्थल का निर्धारण किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ समर्पित वांछित दस्तावेज की विवरणी निम्नवत् है :–

1. आवेदन फार्म कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं
2. नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय से निर्गत वेंडर निबंधन कार्ड की छायाप्रति
3- **PMSVANidhi** के लाभार्थी होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति
5. दो पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ
6. कार्य स्थल के साथ फोटो

प्रशासक,
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 326805 Lohardaga(24-25)D



**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2024–25**

1. कार्यालय का नाम :– नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 28.06.2024 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.06.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of PCC Road form Chandan Singh house to Butta Ravidas house via Soni Kumari house in ward no.-04 under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 5,20,000.00 | 5,000.00 | 10,500.00 | 60 दिन |
| 02 | Construction of RCC drain from Keshari Palak Store to Ramesh Jaiswal Shop (Laklakwa nath Mandir) in ward no.-08 under Nagar Parishad, Chatra | 08 | 4,10,000.00 | 1,000.00 | 8,500.00 | 60 दिन |
| 03 | Construction of RCC drain from Bijli Office boundary to Anand Motor (Culver) via Manniya Sansad Sri Kalicharan singh's house in ward no.-09 under Nagar Parishad, Chatra | 09 | 9,50,000.00 | 5,000.00 | 19,000.00 | 60 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 326789 (Urban Development) 24-25 (D)



**उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू (आपदा प्रबंधन शाखा)**

अपील

**पलामू जिला एक अत्यधिक वज्रपात प्रभावित क्षेत्र है। वज्रपात गिरने के कारण प्रत्येक वर्ष यहां अधिक संख्या मे लोगों की मृत्यु, घायल एवं सम्पत्ति का नुकसान होता है। वज्रपात एक जानलेवा प्रहार है, जिसके प्रभाव को कम करने तथा बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें:–**

- यदि घर में हों, तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुएं और उससे दूर रहें तथा बिजली से चलने वाले यंत्रो को बन्द कर दें।
- यदि दोपहिया वाहन, साईकिल, ट्रक, ट्रैक्टर, नौका आदि पर सवार हों, तो तुरन्त उतर कर सुरक्षित स्थानों पर चलें जाएं, वज्रपात के दौरान वाहनों पर सवारी न करें।
- धातु की डण्डी वाले छाते का उपयोग न करें।
- टेलीफोन व बिजली के पोल तथा टेलीफोन व टेलीविजन टावर से दूर रहें।
- कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सूत की रस्सी का प्रयोग करें।
- बिजली की चमक देख तथा गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर ऊँचे एवं एकल पेड़ों के नीचे न जाएं।
- यदि आप जंगल में हों तो बौने एवं घने पेड़ों की शरण मे चले जाएं।
- वृक्षों, दलदल वाले स्थानों तथा जल श्रोतों से यथासम्भव दूर रहें, परन्तु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि छोटे पेड़ों के नीचे रहें।
- खुले आकाश मे रहने को बाध्य हों, तो नीचे के स्थानों को चुनें। एक साथ कई आदमी इकट्ठे न हों। दो लोगों के बीच की दूरी कम से कम 15 फीट हो।
- तैराकी कर रहे लोग, मछुआरे आदि अविलम्ब पानी से बाहर निकल जायें।
- गीले खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसानों तथा मजदूर या तालाब मे कार्य कर रहे व्यक्ति तुरन्त सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर जायें।
- धातु से बने कृषि यंत्र, डण्डा आदि से अपने को दूर कर लें।
- यदि आप खेत–खलिहान में काम कर रहे हों तथा किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाये हों, तो–

(क) जहां हैं वहीं रहें, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें।
(ख) दोनों पैरो को आपस मे सटा लें एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथासम्भव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुवाएं।
(ग) जमीन पर कदापि न लेटें।

- अपने घरों तथा खेत खलिहानों के आस–पास कम ऊँचाई वाले उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष समूह लगाएं।
- ऊँचें पेड़ के तनों या टहनियों में तांबे का तार स्थापित कर जमीन में काफी गहराई तक दबा दें, ताकि पेड़ सुरक्षित हो जाएं।
- मजबूत छत वाला पक्का मकान सबसे सुरक्षित स्थल है।
- यदि सम्भव हो, तो सरकारी भवनों एवं अपने घरों में तड़ित चालक लगवा लें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR.NO.326755 Palamu(24-25):D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–352 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-28/2023-24 जिसका PR No. 325935 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय –11.07.2024 अपराहन 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326690 Water Resource(24-25).D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–353 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-29/2023-24 जिसका PR No. 325938 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 11.07.2024 अपराहन 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 326692 Water Resource-(24-25)D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–348 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-24/2023-24 जिसका PR No. 325930 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 11.07.2024 अपराहन 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 326681 Water Resource-(24-25)D



**कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**
विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल
Email Id- s.s.a.garhwa@gmail.com, jepcgarhwa@rediffmail.com

पत्रांक ............../JEP, Garhwa दिनांक ......./06/2024

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–1278 दिनांक–02.04.2024 के निदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिले में संचालित 03 उत्कृष्ट विद्यालयों– District R.K. Ramasahu CM School of Excellence Garhwa, R.K CM School of Excellence Girls, Garhwa एवं KGBV CM School of Excellence, Garhwa में नामांकन हेतु दिनांक–24.04.2024 को प्रकाशित प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन के उपरांत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु द्वितीय मेधा सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट– **https://garhwa.nic.in** पर प्रविष्टि करा दी गई है साथ ही द्वितीय मेधा सूची विद्यालयों एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा करा दी गई है। सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित करते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 326707 Human Resource Developement(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **04/ 2024-25** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 326561 है, के कार्य पूर्ण करने की अवधि में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि पूर्व में प्रकाशित | कार्य पूर्ण करने की अवधि संषोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.01 | 60 दिन | 90 दिन |
| 2 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.02 | 30 दिन | 90 दिन |
| 3 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.03 | 30 दिन | 90 दिन |
| 4 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.04 | 30 दिन | 90 दिन |
| 5 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.05 | 30 दिन | 90 दिन |
| 6 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.06 | 30 दिन | 90 दिन |
| 7 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.07 | 30 दिन | 90 दिन |
| 8 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.08 | 30 दिन | 90 दिन |
| 9 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.09 | 30 दिन | 90 दिन |
| 10 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.10 | 30 दिन | 90 दिन |
| 11 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.11 | 30 दिन | 90 दिन |
| 12 | LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.12 | 30 दिन | 90 दिन |

निविदा की नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR.NO.326801 Water Resource(24-25):D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री की 'मन की बात' 30 जून से जिनता से फिर से मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर खुशी जाहिर की है कि चुनाव के कारण थोड़े अंतराल के बाद फिर से आकाशवाणी पर ह्यमन की बात कार्यक्रम प्रसारित होने जा रहा है। उन्होंने लोगों से इस एपिसोड के लिए सुझाव मांगे हैं।ह्यमन की बात का 111वां एपिसोड 30 जून को प्रसारित होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ह्यमन की बातह्व के 111वें एपिसोड के लिए अपने विचारों और इनपुट को मायगोव ओपन फोरम, नमो एप पर लिखकर या 1800 11 7800 पर संदेश रिकॉर्ड करके साझा करने का आग्रह किया।

### कृषि व किसान का कल्याण पीएम, भाजपा व एनडीए सरकार की प्राथमिकता : शिवराज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने शहर में आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी आज पहली बार काशी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री करीब 20 हजार करोड़ किसानों के खाते में डालेंगे। कृषि और किसान का कल्याण पीएम, भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है।

### वाड्रा ने कहा-उनसे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में हों, इसके बाद वे भी आएंगे

**नई दिल्ली।** वायनाड छोड़कर रायबरेली से सांसद बने रहने के राहुल गांधी के फैसले के बाद रिक्त हुए जगह से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने के लिए कांग्रेस की ओर से औपचारिक घोषणा हो चुकी है। ऐसे में अब राबर्ट वाड्रा भी संसद जाने के इच्छुक हैं। राबर्ट वाड्रा ने आज मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वे चाहते हैं कि उनसे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में हों। इसके बाद वे भी आएंगे। वे सही समय का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे खुशी है कि प्रियंका गांधी वायनाड से लड़ने जा रही हैं।

### राहुल ने वायनाड को धोखा दिया, इसे अपनी संपत्ति बनाना चाहते हैं : भाजपा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को वायनाड सीट छोड़ने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वहां की जनता को धोखा दिया है। वह वायनाड को अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं।सोमवार को राहुल गांधी ने घोषणा की कि वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को इस सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।मुरलीधरन ने कहा, यह वायनाड के मतदाताओं के साथ सरासर धोखा है।

### हिमाचल की एक व प. बंगाल की दो विस सीटों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने दो राज्यों में विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।इस संबध में आज मंगलवार को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की एक और पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी।कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की देहरा सीट से कमलेश ठाकुर को टिकट दिया है। वहीं पश्चिम बंगाल की रायगढ़ सीट से मोहित सेन गुप्ता और बागड़ा से अशोक हालदार को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी इस सूची को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की संतुति के बाद जारी किया गया है।

### प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

# काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केन्द्र में सत्तारूढ़ होने पर मंगलवार को काशी की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला। काशी के लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। मैं आपका ऋणी हूं।

**देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की :** केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आए प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त 20 हजार करोड़ रुपये और स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को 'कृषि सखी' प्रमाणपत्र उपहार में दी।

**इस चुनाव में देश के 64 करोड़ लोगों ने वोट दिया:** इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव भारत के लोकतंत्र के सामर्थ्य को और यहां के विशालता को दिखाता है। इस चुनाव में देश के 64 करोड़ लोगों ने वोट दिया है। इससे बड़ा चुनाव और कहीं नहीं होता है। प्रधानमंत्री ने इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन का खासतौर पर जिक्र कर कहा कि जी-7 के सारे मतदाताओं को मिला दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे डेढ़ गुना अधिक है। यूरोप के तमाम देशों को जोड़ दें यूरोपीय यूनियन के सारे मतदाताओं को जोड़ दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे ढाई गुना ज्यादा है।

### स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को 'कृषि सखी' प्रमाण-पत्र दिया



**700** करोड़ रुपये जमा हुए वाराणसी जिले के किसानों के खाते में

**3.15** लाख करोड़ जमा हो चुके हैं देश के करोड़ों किसान परिवारों की बैंक खाते में

### नमो ड्रोन दीदी की तरह ही 'कृषि सखी' कार्यक्रम को सराहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'नमो ड्रोन दीदी' की तरह ही 'कृषि सखी' कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। हमने आशा कार्यकताओं के रूप में बहनों का काम देखा है। हमने बैंक सखियों के रूप में डिजिटल इंडिया बनाने में बहनों की भूमिका देखी है। अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलती देखेंगे। आज 30 हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाणपत्र दिए गए हैं। अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई है। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। ये अभियान 3 करोड़ लखपति दीदीयां बनाने में भी मदद करेगा। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी का मेहंदीगंज जनसभा स्थल पर शंखनाद व हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच किसानों और भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में तीन किसानों ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया।

**अब हमें ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है:** उन्होंने कहा कि किसान आत्मनिर्भर बन रहा है और कृषि निर्यात में अग्रणी बना है। वाराणसी का जिक्र कर प्रधानमंत्री ने कहा कि लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी। ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। 'वन जिला वन प्रोडक्ट' और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपर्ट बढ़ रहा है और उत्पादन भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का होने लगा। अब हमें ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

### देश ने अभूतपूर्व जनादेश देकर बनाया है इतिहास

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने इस बार अभूतपूर्व जनादेश दिया है। इसने एक इतिहास बनाया है। देश के लोकतांत्रिक देशों में कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार तीसरी बार वापसी करे। इस बार भारत की जनता ने यह भी करके दिखाया है। 60 साल पहले भारत में हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने यह सौभाग्य हमें दिया है। अपने सेवक मोदी को दिया है। अगर दस साल बाद देश की जनता किसी को जनादेश देती है तो यह बहुत बड़ा विश्वास है। यहीं विश्वास मेरी पूंजी है।

# आंध्र में एमएलसी की दो सीटों के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधान परिषद की दो सीटों के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सी. रामचंद्रैया की अयोग्यता और शेख मोहम्मद इकबाल के इस्तीफे के कारण खाली सीटों को भरने के लिए उपचुनाव होगा। 2021 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर एमएलसी चुने गए रामचंद्रैया को इस साल मार्च में तब अयोग्य घोषित कर दिया गया, जब वे तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में शामिल हो गए। इकबाल ने एमएलसी के पद से इस्तीफा दे दिया था और अप्रैल में वाईएसआरसीपी छोड़ टीडीपी में शामिल हो गए थे।

दोनों का कार्यकाल 29 मार्च 2027 तक था। चुनाव आयोग 25 जून को उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी करेगा। नामांकन 2 जुलाई तक किए जा सकेंगे, जबकि नामांकन की जांच 3 जुलाई को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। मतदान 12 जुलाई को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। 175 सदस्यीय विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संख्या को देखते हुए, दोनों सीटों पर उसका जीतना तय है। हाल के विधानसभा चुनावों में एनडीए को 164 सीटें मिली थीं। अकेले टीडीपी ने 135 सीटें जीती थीं।




*नामांकन 2 जुलाई तक किए जा सकेंगे, जबकि नामांकन की जांच 3 जुलाई को होगी।*

### पीएम मोदी की यात्रा के मद्देनजर श्रीनगर में सुरक्षा


**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 20 जून को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में होने वाली यात्रा के लिए उच्चतम स्तर की सुरक्षा तैयारियां और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री 20 जून की शाम को श्रीनगर पहुंचेंगे और अगले दिन श्रीनगर में डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 18वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेंगे। उनके साथ 6,000 से ज्यादा अन्य प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। तीसरे कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात एसपीजी की टीमें पांच दिन पहले ही यहां पहुंच गई थीं, ताकि जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का समन्वय किया जा सके।

# इटली के पास जहाज डूबने से 11 की मौत, 60 से ज्यादा लापता

एजेंसी

**रोम।** इटली के पास समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवासी नावों में कुछ खराबी आने के कुछ घंटों बाद सोमवार देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के कोस्ट गार्ड ने खोज और बचाव अभियान जारी रखा। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, तनाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है। कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जिन 66 लोगों के मरने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं।

जीवित बचे लोगों के बयान के अनुसार, यह नाव पिछले सप्ताह तुर्की से रवाना हुई थी, जिसमें इराक, सीरिया, ईरान और अफगानिस्तान से प्रवासी और शरणार्थी सवार थे। इतालवी अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। नाव भूमध्य सागर के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रही थी। इससे पहले एक घटना में, जर्मन सहायता समूह रेस्कशिप के साथ एक बचाव जहाज ने 10 प्रवासियों को मृत पाया था और इटली के सबसे दक्षिणी द्वीप लैम्पेडुसा से दूर माल्टा के पास संकट में फंसी एक नाव पर सवार 51 अन्य लोगों को बचाने में कामयाब रहा।



*कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं*

## विरोध

### नीट एग्जाम में पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में प्रदर्शन किया जा रहा है

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर मंतर पर 'आप' का प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट एग्जाम में पेपर लीक मामले को लेकर देशभर के अलग-अलग राज्यों में मंगलवार को प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के पेपर लीक का मुद्दा लगातार गमार्ता जा रहा है। देशभर के छात्र इसके खिलाफ सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी की मांग है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट एग्जाम को कैंसिल कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग भी जोर पकड़ रही है। इसको लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी दायर की गई है। इस बीच दिल्ली सहित पूरे देश में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह देश के भविष्य के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र है। केंद्र सरकार की एनटीए ने देश के बच्चों के साथ धोखा किया है। बच्चों के सपने और भविष्य के साथ धोखा किया गया है।




### लोगों ने कहा, अपराधियों को मिले उम्रकैद की सजा

नीट पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के बैनर तले मंगलवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी आप नेताओं ने पेपर लीक करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब तक इस मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बीते दिनों इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बयान जारी कर सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया था। आरोप है कि पेपर लीक कराने से पहले अभ्यर्थियों से 30 से 40 लाख रुपए लिए गए।

### नीट में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ : राहुल

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। नीट में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं।

# सातवां ऑस्ट्रेलिया-चीन सीईओ गोलमेज सम्मेलन आयोजित

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ सातवें ऑस्ट्रेलिया-चीन सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया और भाषण दिया। दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों के भाषण सुनने के बाद ली छ्यांग ने कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 52 सालों के इतिहास को देखते हुए अगर दोनों पक्ष एक-दूसरे की राष्ट्रीय स्थिति, व्यवस्था और मूल हितों का सम्मान करें, तो आपसी विश्वास का आधार मजबूत होगा। अगर खुलकर बातचीत करें, एक-दूसरे के प्रति सहनशीलता रखें और समझें, तो अंतर्विरोधों और मतभेदों का उचित निपटारा किया जा सकता है। अगर खुलेपन और सहयोग कायम रहें, तो आपसी लाभ और समान जीत वाली ज्यादा उपलब्धियां मिलेंगी। हमें चीन-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की जरूरत है। ली छ्यांग ने यह भी कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक व व्यापारिक सहयोग को द्विपक्षीय चतुमुर्खी रणनीतिक साझेदारी में रखकर देखना होगा।

